सतना | सोमवार | 26 जनवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 145 | पृष्ठ 8+8 | मूल्य रु.5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

# किसान देश का मेरूदंड

## 77वें गणतंत्र की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू का राष्ट्र के नाम संबोधन

**नई दिल्ली, 25 जनवरी ( वार्ता ) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में किसानों को देश का मेरूदंड बताया है.**



राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों के परिश्रम ने ही भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे देश आज कृषि उत्पादों का निर्यात करने में सक्षम हैं. उन्होंने जोर दिया कि सरकार का लक्ष्य किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना, रियायती ब्याज पर कर्ज, प्रभावी बीमा सुरक्षा और अच्छे बीज उपलब्ध कराना है. किसानों को सिंचाई की सुविधाएं मिलें, अधिक उत्पादन के लिए उर्वरक उपलब्ध हों, उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ा जाए तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसे सभी विषयों को प्राथमिकता दी जा रही है. उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से अन्नदाताओं के योगदान को न केवल आदर दिया जा रहा है, बल्कि उनके प्रयासों को संबल भी प्रदान किया जा रहा है. उन्होंने अपने संबोधन में देश के समावेशी विकास का खाका खींचते हुए आदिवासी, और गरीब वर्ग के कल्याण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया. उन्होंने कहा कि समावेशी सोच के साथ आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है.

राष्ट्रपति ने कहा कि दशकों से संघर्ष कर रहे करोड़ों देशवासियों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है और अब प्रयास यह है कि वे पुनः इसकी चपेट में न आएं. पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को विश्व की सबसे बड़ी योजना बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य 140 करोड़ की आबादी में किसी को भी भूखा न रहने देना है, जिससे 81 करोड़ लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं. इसके अतिरिक्त, गरीब परिवारों के लिए बिजली, पानी और शौचालय से युक्त चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया है. राष्ट्रपति ने इन प्रयासों को महात्मा गांधी के 'सर्वोदय' के आदर्श का प्रतिबिंब बताया, जो गरीबों को गरिमापूर्ण जीवन जीने और आगे बढ़ने का ठोस आधार प्रदान कर रहे हैं.

# गणतंत्र दिवस पर आज दिखेगा सेना का कौशल

## एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन होंगी मुख्य अतिथि, निकलेंगी झांकियां

नई दिल्ली, 25 जनवरी. **77वें गणतंत्र दिवस परेड का समारोह नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सोमवार को सुबह 9.30 बजे शुरू होगा और कार्यक्रम 90 मिनट तक जारी रहेगा. इस वर्ष यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे, जो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदि के साथ मुख्य मंच पर विराजमान होंगे.**

गणतन्त्र दिवस परेड के मुख्य कार्यक्रम में सैन्य मार्च-पास, भारतीय सेना के तीनों अंगों के कौशल तथा भारत की सैन्य शक्ति के भव्य प्रदर्शन के साथ ही सांस्कृतिक झांकियां और भारतीय वायुसेना का फ्लाइपास्ट आकर्षण के केन्द्र रहेंगे. इससे पूर्व ऐतिहासिक इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति मेमोरियल पर देश के अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे.




राजधानी के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी के मुख्य कार्यक्रम के बाद दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला परिसर में भारत पर्व-2026 की धूम रहेगी. यह पर्व 26 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र की सत्ता में आने के बाद यह नवाचार किया है. यह आयोजन 2014 से कोविड काल खण्ड के अलावा लगातार आयोजित किया जा रहा है . इस वर्ष कर्तव्य पथ पर कुल 30 झांकियां दिखाई देंगी, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की उपलब्धियों की शानदार झलक पेश करेंगी. इन झांकियों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 17 और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों एवं सेवाओं की 13 झांकियां शामिल होंगी. ये झांकियां स्वतंत्रता का मंत्र – वंदे मातरम और समृद्धि का मंत्र – आत्मनिर्भर भारत* थीम पर आधारित होंगी, जो राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का प्रतीक और देश की समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक विविधता में डूबी तथा बढ़ती आत्मनिर्भरता के पीछे देश की तीव्र प्रगति का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करेगी. इन झांकियों में राजस्थान की बहुरंगी झाँकी भी शामिल है. राजस्थान की झांकी बीकानेर की प्रसिद्ध उस्ता कला की स्वर्णिम छटा बिखेरेगी.

# तीन जांबाज कीर्ति चक्र और 13 शौर्य चक्र से सम्मानित

**शुभांशु शुक्ला को मिलेगा अशोक चक्र**



**नई दिल्ली, 25 जनवरी. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय नागरिक वायु सेना के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र, सेना के तीन रणबांकुरों को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की.**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को यहां सशस्त्र बलों के कुल 70 जांबाजों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की मंजूरी दी. इनमें छह रणबांकुरों को ये पुरस्कार मरणोपरांत दिए जा रहे हैं. राष्ट्रपति ने 44 वीर सैनिकों को सेना पदक (वीरता) जिनमें पांच को यह पुरस्कार मरणोपरांत मिल रहा है. छह को नौसेना पदक (वीरता) और दो को वायु सेना पदक (वीरता) तथा एक को बार टू सेना पदक (वीरता) से सम्मानित करने की घोषणा की. कीर्ति चक्र से सम्मानित किये जाने वाले जांबाजों में सेना के मेजर अरशदीप सिंह 1 असम राइफल्स , सेना के नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, 2 पैरा और वायु सेना के पायलट ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर शामिल हैं. इनमें समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान पर निकली नौसेना की दो महिला अधिकारी भी शामिल हैं. शौर्य चक्र पाने वालों में सेना की 21 पैरा के लेफ्टिनेंट कर्नल घाटगे आदित्य श्रीकुमार, सेना के मेजर अंशुल बलटू- 32 असम राइफल्स, सेना की 5 पैरा के मेजर शिवकांत यादव, सेना की 42 आर आर के मेजर विवेक, सेना की 11 पैरा के मेजर लैशांगथेम दीपक सिंह, सेना की 6 पैरा के कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर, सेना के सूबेदार पीएच मोसेस 1 असम राइफल्स आदि शामिल हैं.

# तटरक्षक बल के कर्मियों के लिए विशिष्ट पुरस्कारों को मंजूरी

**नई दिल्ली, 25 जनवरी .** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के कर्मचारियों के विशिष्ट पुरस्कारों को मंजूरी प्रदान कर दी है. राष्ट्रपति भवन की ओर से विज्ञप्ति के मुताबिक एडीजी डोनी माइकल, पीटीएम, टीएम को अति विशिष्ट सेवा पदक, डीआइजी केएस सीताराम को विशिष्ट सेवा पदक से समानित किया जाएगा.

# कनाडा में भारतीय मूल के युवक की सरेआम हत्या

**गैंगवार से जुड़ा मामला जलती कार भी बरामद**

**बर्नाबी, 25 जनवरी. कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के बर्नाबी शहर में भारतीय मूल के 28 वर्षीय युवक दिलराज सिंह गिल की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई. कनाडाई पुलिस का कहना है कि यह एक टार्गेटेड शूटिंग थी और शुरुआती जांच में इसका संबंध जारी बीसी गैंग कॉन्फ्लिक्ट से जुड़ा हुआ माना जा रहा है.**



रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के मुताबिक, यह वारदात 22 जनवरी को स्थानीय समयानुसार शाम करीब 5.30 बजे कनाडा वे के 3700 ब्लॉक के पास हुई. पुलिस को गोली चलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने एक युवक को गंभीर हालत में पाया. मौके पर ही उसे बचाने की कोशिश की गई लेकिन युवक को बचाया नहीं जा सका और उसे मृत घोषित कर दिया गया. हत्या के कुछ ही मिनटों के भीतर पुलिस को बर्नाबी से कई किलोमीटर दूर बक्सटन स्ट्रीट के 5000 ब्लॉक में एक वाहन पूरी तरह आग की लपटों में घिरा हुआ मिला. इस जली हुई कार का सीधा संबंध हत्या से हो सकता है.


